Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






## 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के तहत 547 ठिकानों पर छापेमारी, 343 गिरफ्तार



चंडीगढ़, 24 जून : पंजाब पुलिस ने राज्य को अपराध और गैंगस्टर संस्कृति से मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 155वें दिन मंगलवार को राज्यभर में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों के सहयोगियों के रूप में चिन्हित 547 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने चार हथियार बरामद करते हुए 343 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि पंजाब को गैंगस्टर मुक्त बनाने के लिए इस विशेष अभियान की शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें लगातार विशेष अभियान चला रही हैं। अभियान के तहत अब तक कुल 40,021 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस ने इस दौरान 180 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई भी की, जबकि आठ भगोड़े अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## 25 जून से पंजाब में शुरू होगा घर-घर मतदाता गणना



चंडीगढ़, 24 जून : पंजाब की मुख्य चुनाव अधिकारी अनिंदिता मित्रा ने मंगलवार को राज्य की मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बैठक की। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से 24 जुलाई 2026 तक राज्य में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान 24,453 बीएलओ राज्य के 2.14 करोड़ से अधिक मतदाताओं तक पहुंचेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य पूरा किया जाएगा, जबकि मतदाता सूचियों का प्रारूप 3 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा। मतदाता सूची संबंधी दावे और आपत्तियां 3 अगस्त से 2 सितंबर तक दर्ज कराई जा सकेंगी।

# धार्मिक संस्थाओं को राजनीतिक स्वार्थों का बंधक नहीं बनने देंगे : भगवंत मान



बठिंडा, 24 जून : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि श्री अकाल तख्त साहिब प्रत्येक पंजाबी और सिख के लिए सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र संस्था है, लेकिन कुछ लोग अपने निजी और राजनीतिक हितों के लिए इस संस्था का दुरुपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के चुनाव तुरंत करवाने की मांग करते हुए कहा कि धार्मिक संस्थाओं को स्वार्थी तत्वों के कब्जे में नहीं रहने दिया जा सकता।

मौर विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव मंडी कलां में आयोजित एक विशाल लोक मिलनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार अधिनियम-2026' लागू किया है। इस कानून के तहत बेअदबी के दोषियों को 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तथा 50 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'मावां धीयां सत्कार योजना' शुरू कर रही है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपये मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ 1 जुलाई से मिलना शुरू होगा।

भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने दावा किया कि नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के अनुसार पंजाब ने प्राथमिक और मिडिल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली को पीछे छोड़ते हुए देश में पहला स्थान हासिल किया है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, शिक्षकों के प्रशिक्षण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के कारण यह उपलब्धि संभव हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है, जबकि किसानों को पहली बार धान सीजन के दौरान दिन में आठ घंटे से अधिक निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 14 हजार किलोमीटर लंबी नहरों और जल मार्गों का विकास कर सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे किसानों को बड़ा लाभ मिला है।

स्वास्थ्य सेवाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत राज्य के 65 लाख परिवारों को प्रति वर्ष 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 30 लाख से अधिक परिवारों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

## बॉलीवुड की पसंदीदा लोकेशन तुर्किये, भारतीय पर्यटकों को आकर्षित कर रहे फिल्मी नज़ारे

चंडीगढ़ : भारतीय दर्शकों के लिए तुर्किये की पहली झलक अक्सर किसी ट्रैवल गाइड के बजाय बड़े पर्दे के माध्यम से सामने आई है। इस्तांबुल की ऐतिहासिक गलियों में फिल्माए गए रोमांचक दृश्य, कप्पाडोसिया की अनोखी चट्टानों के बीच शूट किए गए गीत और बोस्फोरस के किनारे फिल्माए गए रोमांटिक दृश्यों ने वर्षों से भारतीय दर्शकों को आकर्षित किया है। यही कारण है कि अब तुर्किये भारतीय पर्यटकों के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनकर उभरा है।

पिछले दो दशकों में बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं ने तुर्किये को अपनी फिल्मों के लिए पसंदीदा लोकेशन के रूप में चुना है। अब यह देश भारतीय यात्रियों को सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि उन यादगार स्थानों को खुद अनुभव करने का अवसर दे रहा है, जिन्हें वे वर्षों से फिल्मों में देखते आ रहे हैं।

तुर्किये की लोकप्रियता महज संयोग नहीं है। यह देश अपनी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता के कारण फिल्म निर्माताओं को एक ही स्थान पर अनेक प्रकार के



दृश्य उपलब्ध कराता है। यहां का ओटोमन वास्तुकला, ऐतिहासिक बाजार, ज्वालामुखीय घाटियां, फ़िरोज़ी समुद्री तट और दो महाद्वीपों में फैला महानगर इस्तांबुल, फिल्मकारों के लिए किसी तैयार सेट से कम नहीं हैं। यही वजह है कि भारतीय पर्यटक तुर्किये पहुंचने से पहले ही इस देश से एक खास जुड़ाव महसूस करते हैं।

तुर्किये के शहरों में इस्तांबुल ने बॉलीवुड का सबसे अधिक ध्यान आकर्षित किया है। हागिया सोफिया ग्रैंड मस्जिद, ग्रैंड बाजार, बोस्फोरस स्ट्रेट और मेडेन्स टॉवर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों को कई लोकप्रिय भारतीय फिल्मों में दिखाया गया है। सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत फिल्म 'एक था टाइगर' ने मेडेन्स टॉवर को भारतीय दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई। वहीं, 'बेबी' में इस्तांबुल की सड़कों को रोमांचक एक्शन दृश्यों के लिए इस्तेमाल किया गया। फिल्म 'दिल धड़कने दो' में शहर के खूबसूरत जलमार्गों और स्काईलाइन को शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा गया। अभिषेक बच्चन की फिल्म 'गुरु' का चर्चित गीत 'माय्या माय्या' इस्तांबुल की नूरूस्मानिये मस्जिद में फिल्माया गया था, जिसने इस ऐतिहासिक स्थल को बॉलीवुड प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।

इसी तरह, कप्पाडोसिया ने बॉलीवुड को एक अलग और जादुई दुनिया का अनुभव दिया है। यहां के अनोखे चट्टानी परिदृश्य, हॉट एयर बैलून और प्राकृतिक सुंदरता भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

## गांवों के विकास से ही बनेगा पंजाब देश का सबसे विकसित राज्य : भगवंत मान




बठिंडा, 24 जून : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के सरपंचों और पंचों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि पंजाब को देश का सबसे विकसित राज्य बनाना है तो इसके लिए सबसे पहले गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पंजाब के बदलाव में सरपंचों की भूमिका सबसे अहम है और राज्य सरकार गांवों के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

रामपुरा फूल और तलवंडी साबो के सरपंचों एवं पंचों के साथ आयोजित 'सरपंच मिलनी' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने देगी। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि सरकारी अनुदानों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाए, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और सतत विकास को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं और गांवों की तस्वीर बदलने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे कठिन चुनाव सरपंच का होता है, क्योंकि वे सीधे तौर पर लोगों से जुड़े होते हैं। एक सक्षम और दूरदर्शी सरपंच गांव के विकास और लोगों की समृद्धि का आधार बन सकता है।

भगवंत मान ने कहा कि 'सरपंच मिलनी' जैसी पहल गांवों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर समझने और उनका समाधान निकालने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान अनुदानों के वितरण में पारदर्शिता की कमी थी, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए। अब गांवों को पर्याप्त अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है और आने वाले समय में इन संसाधनों से ग्रामीण क्षेत्रों की सूरत पूरी तरह बदल जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पंचायतों से विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि सबसे पहले गांवों में पुस्तकालय, स्कूलों का निर्माण, सोलर लाइटें तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। इसके साथ ही गांवों को स्वच्छ, हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायतें राज्य सरकार की आंखें और कान हैं।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

**Pure Spice. Rich Flavour.**




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**